कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

:—कार्यालय आदेशः—

इस कार्यालय के आदेश क्रमांकः शिविरा/मा/संस्था/सी–3/भौगकृ/भौतिक/स्थानान्तरण/2019 दिनांकः 29.09.2019 के तहत सुश्री माया कौर, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान), राबाउमावि मानटाउन (सवाई माधोपुर) का स्थानान्तरण राबाउमावि मण्डरायल (करौली) किया गया था। सुश्री माया कौर द्वारा स्थानान्तरण आदेश के विरूद्व राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्याः 3956/2019 माया कौर बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 3956/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांकः 09.12.2019 द्वारा अपीलार्थी सुश्री अशोक कुमार अग्रवाल को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार अपीलार्थी से अभ्यावेदन प्राप्त होने पर इसे एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा निर्धारित समय सीमा में निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण निर्णय के क्रम में अपीलार्थी माया कौर द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर एकल महिला होने के आधार पर पदस्थापन 1.राबाउमावि खानपुर, झालावाड़ 2.राबाउमावि नैनवां, बून्दी 3. राउमावि कवई, बारां 4. राउमावि अकलेरा, झालावाड़ किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में इनका अभ्यावेदन/परिवेदना एतद् द्वारा स्वीकृत करते हुए इनका समायोजन राउमावि कवई (बारां) में व्याख्याता (भौतिक विज्ञान) के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सुश्री माया कौर को निर्देशित जाता है कि ये अपने समायोजित स्थान पर व्याख्याता के रिक्त पद पर दिनांकः 28/12/19 तक आवश्यक रूप से कार्यग्रहण करें।

सभी पक्षकार सूचित होवें।

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/मा/संस्था/सी–3/भौगकृ/अपील सं. 3956/माया कौर/2019 दिनांकः 24/12/19

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा
4. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्य–विधि) जयपुर
5. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा को मय आवश्यक संलग्नक आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. संबंधित संस्था प्रधान
7. संबंधित कार्मिक
8. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. निजी/रक्षित पत्रावली

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर